an>

Title: Need to take adequate measures to protect the life and property of elderly citizens living alone in metro cities.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी) ः मैं सरकार का ध्यान वर्तमान व्यस्तता से उत्पन्न होने वाली एक अव्यवस्था की ओर दिलाना चाहती हूँ, जिसकी उत्पति का केंद्र बड़े-बड़े महानगर हैं, जहां लोग अपनी व्यस्ततम जिंदगी में अपने बूढ़े मां-बाप और बुजुर्गों को भूल जाते हैं जिसका फायदा बड़े-बड़े बिल्डर व माफिया उठा लेते हैं जिन्हें स्थानीय प्रशासन व पुलिस प्रशासन का संरक्षण मिलता है।

अर्थात् ऐसे बुजुर्ग/वरिष्ठ नागरिक जो महानगर सरीखे बड़े शहरों में रहते हैं जिनकी देख-रेख का जिम्मा पुलिस प्रशासन का होता है और वे खुद एक बड़ी संपति के मालिक होते हैं। किंतु वही संपति उनकी जान के लिए खतरा बनी रहती है।

कई बार मीडिया के माध्यम से ये जानकारी हमें मिलती है कि बुजुर्गों की संपति पर ताक लगाए बैठे भू-माफिया उनकी जान ले लेते हैं और जिन्हें सौंपा जाता है उनकी सुरक्षा के लिए ऐसे पुलिस के लोग इन घटनाओं को आत्महत्या दर्शाकर घटना की फाइल बंद कर देते हैं।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि ऐसी बंद फाइलों की पुनः जांच कराई जाए व उनकी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाए।